provision is only for a limited number of seats the admission is made on merit amongst the candidates belonging to this category.

(c) and (d) The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

कारखानों के कचरे के कारण यमुना में प्रदूषण

4029. प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में कारखानों का प्रदूषित कचरा यमुना में गिरता है;

(ख) क्या इस प्रदूषण का नागरिकों पर खतरनाक प्रभाव पड़ता है; और

(ग) इस प्रदूषण को रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन जय नारायण प्रसाद निषाद): (क) और (ख) हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में कुछ औद्योगिक इकाइयों का बहिस्राव अन्ततः यमुना नदी में विसर्जित होता है। यमुना नदी में गिरने वाले औद्योगिक बहिस्रावों द्वारा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के बारे में कोई निर्णायक वैज्ञानिक सूचना उपलब्ध नहीं है।

(ग) जल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों में निम्नलिखित शामिल हैं:—

पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत बहिस्राव मानक निर्धारित किए गए हैं।

उद्योगों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित मानकों का पालन करने हेतु जरूरी प्रदूषण नियंत्रण उपाय प्रदान करें।

उद्योगों के स्थान निर्धारण के लिए पर्यावरणीय दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

सरकार ने यमुना कार्यवाही योजना के अन्तर्गत प्रदूषण उपशमन के लिए एक विशिष्ट स्कीम तैयार की है। इस स्कीम में यमुना के किनारों पर स्थित पन्द्रह नगरों को शामिल किया जाएगा जिनमें हरियाणा के छह नगर, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश में आठ नगर शामिल हैं।

Creation of new zone and division in Madhya Pradesh

4030. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the study group constituted by Government for examining the existing geographical distribution of zones and divisions in the wake of project uniguage had recommended for creation of a new zone and division in the State of Madhya Pradesh;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) what action Government have taken on these recommendations; and

(d) by when the new zone and division will be created in the State particularly in Jabalpur and Bilaspur?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SATPAL MAHARAJ): (a) to (c) After examining the various issues, the Government has decided to set up six new zones at Allahabad, Jaipur, Bangalore, Hajipur Jabalpur and Bhubaneswar and eight new divisions at Agra, Pune, Singrauli, Rangiya, Guntur, Raipur, Ranchi and Ahmedabad.

(d) While no zonal headquarter office is being set up at Bilaspur, the time frame for the creation of the new zones & divisions would be about 60 months.

पश्चिमी रेलवे मुख्यालय का अहमदाबाद में स्थानांतरण

4031. श्री अनन्तराय देव शंकर दवे: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय सरकार को गुजरात सरकार/सांसदों/विधायकों/विभिन्न संस्थानों से पश्चिमी रेलवे के मुख्यालय को अहमदाबाद में स्थानांतरित करने और अहमदाबाद में एक नए रेलवे मंडल की स्थापना करने के लिए कोई अभ्यावेदन/प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और